https://universitynews.in/



2270

# B.Sc./B.Com. (Part - I) Examination - 2022
## (Compulsory Paper)
## GENERAL HINDI
## (सामान्य हिन्दी)

*Duration of Examination: 90 Minutes* *Max. Marks: 50*
*परीक्षा की अवधि: 90 मिनट* *पूर्णांक: 50*

***Instructions to the Candidates:***
***परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-***

परीक्षार्थीगण सम्पूर्ण प्रश्नपत्रों में से 50 प्रतिशत अंक के प्रश्नों के उत्तर देवें। परीक्षार्थी द्वारा किन्हीं कारणों से 50 प्रतिशत अंकों से ज्यादा उत्तर देने की स्थिति में परीक्षक द्वारा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 50 प्रतिशत अंकों से ही किया जायेगा।

1. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 10

पर्यावरण की दृष्टि को हमें शोषण रहित बनाना है, वह नारेबाजी से नहीं होगा। जिसे हम इकोलोजी की दृष्टि कहते हैं, इकोलोजी की दृष्टि को, पर्यावरण की दृष्टि को हमें सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्र तक में उतारना है। अगर समाज में संघर्ष है, कलह है, शोषण है, अत्याचार है, अन्याय है तो निश्चित बात है कि समाज का जो यह परिवेश है और उसका पर्यावरण है, वह भी दूषित हो रहा है। पर्यावरण का दूषण मानसिंक तरीके से भी होता है, नारेबाजी से भी होता है, गुण्डागर्दी से भी होता है। उसका शोषण होता है, उसका प्रदूषण होता है और वह प्रदूषण तत्काल हमें हानि पहुँचाता है। तत्काल हत्याओं में परिणत हो जाता है, तत्काल दुर्घटनाओं में, आत्मदाह में या आत्महत्याओं में परिवर्तित हो जाता है। तो प्रदूषण पर विचार करते हुए, उसके तमाम पहलुओं पर विचार करना चाहिए।

**अथवा**

देखिए ! यह पर्सनल रिमार्क आपको शोभा नहीं देता दिवाकर जी, आज मुझे बिलकुल गलत समझ रहे हैं। मेरा कतई यह इरादा नहीं कि मैं जनता को गुमराह करूँ। बात यह है दिवाकर जी, कि मुझे साहित्य और पत्रकारिता से कुछ इतना लगाव है कि दिन-रात मैं सोचता हूँ कि हमारे यहां भी अमरीका की तरह सजे सजाये अखबार निकलें, सस्ते से सस्ते, सुंदर से सुंदर। ज्यादा से ज्यादा जनता उन्हें पढ़े। उनका सांस्कृतिक स्तर ऊँचा हो।

2. 'लछमा' रेखाचित्र की मूल संवेदना पर टिप्पणी लिखते हुए 'लछमा' की चारित्रिक विशेषताओं का रेखांकन कीजिए।

**अथवा**

'भेड़ा घाट: मार्बल-रॉक्स और धुआँधर' नामक यात्रावृत्त में व्यक्त लेखक के विचारों का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

3. "सुसंग का मनुष्य के जीवन पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।" 'सुसंग-कुसंग' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'सावचेती' कहानी के प्रमुख पात्र सियार व सियारनी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मानवीयकरण | 2. अनुग्रहित | 3. अभ्यार्थी | 4. रचियता |
| 5. पुनरावलोकन | 6. कवियत्री | 7. पुरूस्कार | 8. आर्शीवाद |



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए-

1. मेले में अनेकों लोग आए थे।
2. मेरे माताजी आज दिल्ली जा रहे हैं।
3. उसका प्राण सूख गया।
4. खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।
5. क्या आप भोजन किए हैं।
6. कृपया, मेरे घर आने की कृपा करें।
7. केवल विद्यार्थी मात्र के लिए नियम बने हैं।
8. छुआछुत का भेद करना पाप है।

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं चार अंग्रेजी शब्दों के हिंदी समानार्थक शब्द लिखिए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ACCIDENT | 2. | ADDITIONAL |
| 3. | BUDGET | 4. | CANCEL |
| 5. | DAILY ALLOWANCE | 6. | STRIKE |
| 7. | RELIEVE | 8. | PROVISIONAL |

(द) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं चार के सार्थक शब्द लिखिए-

1. जिसके समान कोई दूसरा न हो।
2. जिसे सहन न किया जा सके।
3. जिसका इलाज न हो सके।
4. दोपहर के बाद का समय।
5. जिसे जाना न जा सके।
6. हाथी हांकने का लोहे का कांटा।
7. दो या अधिक वस्तुओं को मिलाकर एक रूप देना।
8. जिस पुस्तक में आठ अध्याय हो।

(य) निम्नलिखित में किन्हीं दो शब्द युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निधन<br>निर्धन | 2. | नीरद<br>नीरज |
| 3. | कृति<br>कृती | 4. | शुचि<br>शची |

5. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों की संधि और किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पयः+धर | 2. | उत्+चारण |
| 3. | अनु+स्थान | 4. | महा+उत्सव |
| 5. | निराश्रित | 6. | परिच्छेद |
| 7. | महर्षि | 8. | मन्वंतर |



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का सामासिक पद एवं किन्हीं दो का समास-विग्रह कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | शत अब्दों का समूह- | 2. | चक्र को धारण किया है जिसने- |
| 3. | भ्रष्ट है जो आचार- | 4. | कृषि संबंधी कार्य के लिए भवन- |
| 5. | युधिष्ठिर | 6. | पीतांबर |
| 7. | जन्मांध | 8. | कमल नयन |

(स) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार के उपसर्ग या प्रत्यय हटाकर मूल शब्द कीजिए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अभ्यागत | 2. | उच्चारण |
| 3. | निराकार | 4. | प्रत्युपकार |
| 5. | मानवीय | 6. | मौखिक |
| 7. | मधुरिमा | 8. | व्यावहारिक |

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों / लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

1. अंगारों पर पैर रखना।
2. अंधे के हाथ बटेर लगना।
3. अधजल गगरी छलकत जाय
4. ऊधौ का लेना न माधौ का देना

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

1. सम्मुख
2. अनुराग
3. निवास
4. शोषक
5. युगल
6. अरि
7. आलोक
8. जागरण

6. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए एक तिहाई भाग में संक्षिप्तीकरण कीजिए-

भारतीय संस्कृति की सबसे महती विशेषता है, उसके मूल में निहित समन्वय की भावना। जब हम किसी भी संस्कृति को उच्च स्थान प्रदान करते हैं, तो इसका तात्पर्य है कि निस्संदेह उसमें अन्य संस्कृतियों के शाश्वत एवं सार्वभौमिक गुणों का समावेश अवश्य होगा। विश्व में वहीं व्यक्ति, समाज, संस्था, परंपरा अथवा विचारधारा महत्वपूर्ण हो सकती है, जिसकी लोकोत्तर गरिमा एवं महिमा में सर्वसाधारण एवं इतर अंशों की विभिन्न विभूतियाँ पग-पग पर परिलक्षित होती हैं। महासागर की महत्ता उसके अपूर्व गांभीर्य में तो है ही, किंतु साथ ही साथ कुछ सीमा तक उसमें गिरने वाली सहस्त्रों सरिताओं के कारण भी है। इसी प्रकार भारतीय संस्कृति जहाँ अपनी जगद्विख्यात साधना, ऐश्वर्य, त्याग एवं अन्य धार्मिक तत्वों के कारण एक अद्वितीय स्थान रखती है, वहाँ उसमें विश्व की अन्य संस्कृतियों के अंश भी विद्यमान है। १



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



7. निम्नलिखित में से किसी एक सूक्ति का पल्लवन कीजिए-

   1. 'बोया पेड़ बबूल का, आम कहां ते खाय'
   2. 'लघुता से प्रभुता मिलें, प्रभुता से प्रभु दूर'

8. स्वयं को रामकुमार उपाध्याय, ब्रह्मपुरी, डूँगरपुर का निवासी मानते हुए प्रशासक, नगर पालिका को एक शिकायती पत्र लिखिए, जिसमें आपके वार्ड में सफाई-व्यवस्था सुधारने का निवेदन हो।

**अथवा**

अपने आपको रामचन्द्र पुरोहित, केशवनगर, अजमेर का निवासी मानते हुए ग्रामीण विद्यापीठ, जयपुर के सचिव को कनिष्ठ पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए-

   1. पर्यावरण प्रदूषण और निवारण
   2. भारतीय संस्कृति: स्वरूप और महत्व
   3. राजस्थान के त्योहार और संस्कृति
   4. सूचना क्रान्ति और भारत
   5. विज्ञान : वरदान या अभिशाप

https://universitynews.in



https://universitynews.in/